RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 15 मई 2024 | वर्ष 06 | अंक 27 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

**होर्डिंग गिरने की घटना में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई**



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# पीएम मोदी आज मुंबई में करेंगे रोड शो... ट्रैफिक एडवाइजरी जारी...



**15 मई को 2 बजे से 10 बजे तक एलबीएस मार्ग के लिए वैकल्पिक मार्ग**

ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे, अंधेरी–कुर्ला रोड, साकी विहार रोड, एमआईडीसी सेंट्रल रोड, सांताक्रूज चेंबूर लिंक रोड (एससीएलआर), सायन बांद्रा लिंक रोड, जोगेश्वरी विक्रोली लिंक रोड,

**आज दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक ये सड़कें बंद रहेगी**

एलबीएस रोड पर गांधी नगर जंक्शन से नौपाड़ा जंक्शन तक, माहुल–घाटकोपर रोड पर मेघराज जंक्शन से आरबी कदम जंक्शन तक, घाटकोपर जंक्शन से साकीनाका जंक्शन तक अंधेरी घाटकोपर लिंक रोड, हीरानंदानी कैलास कॉम्प्लेक्स रोड से गुलाटी पेट्रोल पंप जंक्शन, गोलीबार मैदान और घाटकोपर मेट्रो स्टेशन (पश्चिम) से सर्वोदय जंक्शन की ओर

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चार चरण की मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. अब पांचवें चरण में मुंबई की छह सीटों पर भी मतदान होगा. मतदान के लिए अब कुछ ही दिन बचे हैं. मुंबई में चुनाव प्रचार अभियान भी तेज हो गया है. आज पीएम मोदी मुंबई दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वो मुंबई में रोड शो करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 15 मई और 17 मई को मुंबई में उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के लिए मुंबई का दौरा करेंगे. इस पृष्ठभूमि में मुंबई में कई सड़कें बंद रहेंगी. मुंबई यातायात विभाग के पुलिस उपायुक्त राजू भुजबल ने इसकी जानकारी दी है. आज ( 15 मई ) मुंबई में नरेंद्र मोदी के रोड शो के कारण मुंबई का एलबीएस मार्ग दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक बंद रहेगा. साथ ही, माहुल घाटकोपर रोड पर मेघराज जंक्शन से आरबी कदम जंक्शन तक उत्तर और दक्षिण दोनों तरफ यातायात दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगा. मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने 14 और 15 तारीख को पूरे एलबीएस मार्ग और एलबीएस मार्ग को जोड़ने वाली मुख्य सड़क से 100 मीटर की दूरी तक नो पार्किंग लगा दी है. नरेंद्र मोदी अपने पहले दौरे में घाटकोपर से मुलुंड तक रोड शो करेंगे. जहां निवर्तमान सांसद मनोज कोटक का टिकट काटकर मिहिर कोटेचा को उम्मीदवार बनाया गया है.

# अमित शाह NCP-शिवसेना को तोड़ने के आरोपों पर हुआ सवाल तो क्या बोले...?

**लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार जोरों पर है. इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र दौरे पर पहुंचे. एक इंटरव्यू में महाराष्ट्र की राजनीति पर बात की. इस दौरान उन्होंने उद्धव ठाकरे, शरद पवार पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में बीजेपी 400 पार सीटें हासिल करेगी.**



महाराष्ट्र में बीजेपी की स्थिति पर अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता महाराष्ट्र में बीजेपी को कोई दिक्कत होगी, क्योंकि बीते चुनाव में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है. एक-दो सीटों पर ही संघर्ष की स्थिति रह सकती है.

**क्यों टूटी शिवसेना-एनसीपी ?**

अमित शाह ने शिवसेना और एनसीपी में विभाजन के सवाल पर भी जवाब दिया. उन्होंने कहा कि अगर शरद पवार अपनी बेटी की जगह अजित पवार को नेता बताते तो एनसीपी टूटती क्या? और उद्धव ठाकरे बेटे की जगह एकनाथ शिंदे को प्रमोट करते तो शिवसेना कभी टूटती. उन्होंने कहा कि उनके बेटे-बेटियों की मोह के कारण ही पार्टियां टूटी हैं और वह इसका आरोप हम पर लगाते हैं.

**I.N.D.I.A अलायंस पर क्या बोले अमित शाह?**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने I.N.D.I.A अलायंस पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा, ''I.N.D.I.A अलायंस अभी तक अपना नेता तो चुन नहीं पाए हैं. राहुल गांधी कहते हैं कि मुस्लिम पर्सनल लॉ लाएंगे और उद्धव ठाकरे उनसे सहमत भी हैं. नाना पटोले कहते हैं कि हम राम जन्मभूमि का शुद्धिकरण करेंगे. राम की मौजूदगी ही हमारे देश में पवित्र मानी जाती है. इन लोगों को न देश के संस्कार की जानकारी है और न उसको आगे बढ़ाने की.''

**उद्धव ठाकरे पर भी बरसे अमित शाह**

अमित शाह ने उद्धव ठाकरे पर तंज कसा और कहा कि साल 2015 में भी उन्होंने मुख्यमंत्री बनने का प्रयास किया था, हमसे अलग होकर चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गए. फिर वे हमारे साथ आए. उन्होंने मेरे सामने स्वीकार किया था कि हम देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे. चुनाव के बाद उनके मन में मुख्यमंत्री बनने का मोह आया. अब यह उनका व्यक्तिगत फैसला था.''

**अमित शाह ने किया बालासाहेब ठाकरे का जिक्र**

उन्होंने बालासाहेब ठाकरे का जिक्र करते हुए कहा कि उद्धव अपने नेता के सिद्धांतों को छोड़कर जब जमीन पर निकले हैं तो उनको लंबे समय टिकन में दिक्कत आएगी. क्योंकि आज महाराष्ट्र का मतदाता इस बात को पूछता है कि औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर हो गया है तो शरद पवार और कांग्रेस इसका विरोध करते हैं. वह उनके साथ बैठे हैं तो आज बालासाहेब ठाकरे की आत्मा दुखी होती है या नहीं, ये बात आप जरूर उनसे पूछें.

# राज्य सरकार और मुंबई मनपा के खिलाफ दर्ज हो गैर इरादतन हत्या का मामला - पटोले

**मुंबई** : घाटकोपर में होर्डिंग गिरने से हुए हादसे में हुई 14 लोगों की मौत, मनपा प्रशासन और राज्य सरकार की लापरवाही का नतीजा है। मानसून के दौरान मुंबई में कई हादसे होते हैं और इन हादसों के बाद महानगर पालिका प्रशासन (मनपा) और राज्य सरकार जागती है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने आरोप लगाया है कि मुंबई में होर्डिंग माफिया को राज्य की महायुति सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने मांग की है कि इस घटना के संबंध में राज्य सरकार और मनपा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए ।



नाना पटोले ने कहा कि घाटकोपर में हुए होर्डिंग हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो गई है और करीब 88 लोग घायल हो गए हैं। हादसा बेहद दर्दनाक है। हालांकि सरकार ने इस घटना में मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है, लेकिन यह सहायता राशि बहुत कम है। इस राशि को बढ़ाया जाना चाहिए और घायलों के इलाज का सारा खर्च राज्य सरकार, मुंबई महापालिका द्वारा वहन किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में भ्रष्ट गठबंधन सरकार के कारण मुंबई की हालत बहुत खराब हो गई है। कमीशन खाने के चक्कर में मुंबई शहर बर्बाद हो गया है। घाटकोपर में लगा होर्डिंग इसका एक बड़ा उदाहरण है। शहर भर में ऐसे हजारों होर्डिंग अनाधिकृत तरीके से लगाए गए हैं। ऐसे अनधिकृत होर्डिंग मुंबई मनपा, राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन के आशीर्वाद के बिना नहीं लगाए जा सकते। घाटकोपर में होर्डिंग लगाने की इजाजत किसने दी, इसके पीछे कौन सा राजनीतिक नेता था। इन सबकी गहन जांच होनी चाहिए और असली दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# अजित पवार के खिलाफ करप्शन के आरोपों पर देवेंद्र फडणवीस बोले, 'कोई डील नहीं हुई'

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है. नेताओं के मूड को जानने के लिए खास कार्यकर्म शिखर सम्मेलन का आयोजन किया है. इस खास कार्यक्रम में पहुंचे उप-मुख्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने विपक्षी दलों के आरोपों पर जवाब दिए. उन्होंने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी के नेता अजित पवार, पूर्व सीएम अशोक चव्हाण जैसे नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर जवाब दिए. उन्होंने कहा कि इसके लिए कोई डील नहीं हुई है. अशोक चव्हाण पिछले दिनों कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे. फडणवीस ने कहा, ''हमारे ऊपर विपक्षी पार्टियां तंज कसते रहते हैं. कुछ लोग हमारे साथ जरूर आए हैं, जिनपर केस हैं. मैं बहुत ही साफ शब्दों में कहता हूं कि हमने कोई डील नहीं की है.अगर किसी पर केस चलता है तो चलता रहेगा.



# घाटकोपर होर्डिंग के मालिक पर दर्ज है रेप का मामला, लड़ चुका है विधानसभा का चुनाव

**मुंबई** : मुंबई में आफत बनकर आई तेज आंधी और तूफान के बाद एक होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 70 से ज्यादा घायल हुए हैं. इस घटना के बाद चौंका देने वाली खबर सामने आई है. खबर है कि मुंबई में जो होर्डिंग गिरा उसके मालिक भावेश भिंडे पर इस साल की शुरूआत में बलात्कार का मामला दर्ज किया गया था. अदालत के दस्तावेजों के अनुसार भिंडे के खिलाफ इस साल 24 जनवरी को मुलुंड पुलिस स्टेशन में बलात्कार और छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया था.



इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, हालांकि बाद में उन्हें निचली अदालत से अग्रिम जमानत मिल गई. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अवैध होर्डिंग लगाने के लिए भावेश भिंडे पर इससे पहले कम से कम 21 बार जुमार्ना लगाया जा चुका है. भावेश भिंडे ने 2009 में विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था. वो स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरे थे. पंत नगर पुलिस ने सोमवार रात को एगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के 51 वर्षीय निदेशक भावेश प्रभुदास भिंडे के खिलाफ पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कर ली है. जिसके पास होर्डिंग का ठेका था.

## संपादकीय...



**फैसल शेख**
**(प्रधान संपादक)**

### पीएम की मुस्लिम अपील...

**बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ टीवी चैनलों को साक्षात्कार दिए थे। उनमें उन्होंने मुसलमानों को ह्यआत्मचिंतनह्ल करने की अपील की थी और नसीहत भी दी थी। यह पहला मौका है कि देश के प्रधानमंत्री को मुसलमानों की इस तरह मनुहार करनी पड़ी है। प्रधानमंत्री ने किसी पार्टी का वोट बैंक या बंधक बनने के बजाय खुले दिमाग से सोचने की नसीहत भी दी है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि एक सीधी लकीर की तरह वोट देना और वह भी हिंदू वर्चस्व या हिंदू-विरोध के नाम पर भाजपा जैसे राष्ट्रवादी दलों के खिलाफ मुसलमानों का वोट करना एक गलत और पूर्वाग्रही ट्रेंड है। मौजू सवाल है कि चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री को मुसलमानों को, एक हद तक, मनाने या अपील करने को बाध्य क्यों होना पड़ा? हिंदू-मुस्लिम का चुनावी विभाजन तो ह्यजनसंघह्ल के दौर से रहा है। पहले जनसंघ और बाद में भाजपा बुनियादी और वैचारिक तौर पर हिंदूवादी पार्टी रही है। यह दीगर है कि अच्छी तादाद में मुसलमान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दौर में भी भाजपा को वोट देते थे और आज प्रधानमंत्री मोदी के सूत्रवाक्य-ह्यसबका साथ, सबका विकासह्णह्ल का समर्थन करते हुए 12-15 फीसदी मुसलमान भाजपा के पक्ष में वोट कर रहे हैं, लेकिन वह कभी भी ह्यनिर्णायकह्ल साबित नहीं हुआ। यकीनन देश की आजादी के बाद कांग्रेस अधिकांश समय सत्तारूढ़ रही। 1951 से 1975 तक तो कांग्रेस को कोई चुनौती ही नहीं थी, लिहाजा उसने अपनी चुनावी रणनीति के तहत मुसलमानों को ह्यवोट बैंकह्ल की तरह बांधे रखा और दलितों, आदिवासियों, कुछ पिछड़ी जातियों में भी कांग्रेस के जनाधार बनाए।**

**हालांकि केंद्र में वाजपेयी सरकार के 6 साल और मोदी सरकार के 10 साल के अलावा या तो कांग्रेस सत्ता में रही है अथवा बाहरी समर्थन से लडखड़ाती सरकारें बनवाई हैं। दरअसल जब कांग्रेस से अलग होकर या उसका विरोध करते हुए क्षेत्रीय दलों के उभार का दौर आया, तो मुसलमान सपा, बसपा, राजद और तृणमूल कांग्रेस आदि क्षेत्रीय दलों की ओर भी ध्रुवीकृत हुए। नतीजतन मुस्लिम वोट बंटते रहे हैं, लेकिन मुस्लिम आज भी मानसिक तौर पर कांग्रेस के साथ हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ह्यआत्मचिंतनह्ल की नसीहत इसलिए दी है, ताकि मुसलमान सोच सकें कि जिन्होंने उन्हें वोट बैंक का बंधक बनाए रखा, उन्होंने आखिर क्या दिया है? मुसलमानों को क्या फायदे मिले हैं? इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने 1992 के कथित बाबरी मस्जिद विध्वंस, 2002 के गोधरा सांप्रदायिक दंगों का जिक्र किया है। किसी प्रधानमंत्री ने शायद यह भी पहली बार कहा है कि यदि एक सांप्रदायिक वृत्तांत गढ की कोशिश न की गई होती और मुसलमानों के रहनुमा बनकर अपने खेमे में बांधे रखने की सियासत नहीं की गई होती, तो ये दोनों दौर उतने भयावह न होते! उप्र के मुख्यमंत्री के तौर पर मुलायम सिंह को ह्यरामसेवकोंह्ल पर गोलियों की बौछार नहीं करनी पड़ती! प्रधानमंत्री ने तीन तलाक से लेकर शाहबानो तक के संदर्भ भी उठाए हैं। ह्यसच्चर कमेटीह्ल के निष्कर्षों का भी जिक्र किया, लेकिन रंगनाथ मिश्रा आयोग का हवाला देने भूल गए अथवा उसे जरूरी नहीं समझा।**

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# EVM वाले गोदाम में CCTV बंद होने के बाद सुप्रिया सुले ने किया गड़बड़ी का दावा

**पुणे:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने सोमवार को दावा किया कि बारामती लोकसभा सीट की ईवीएम' जहां रखी गयी है, उस गोदाम में 45 मिनट तक सीसीटीवी कैमरे बंद रहे। इसके साथ ही पार्टी ने गड़बड़ी होने का आरोप लगाया। बारामती में सात मई को मतदान होने के बाद पुणे में एफसीआई के इस गोदाम में निर्वाचन क्षेत्र की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी गई हैं। इस सीट पर सुप्रिया सुले का मुकाबला अपनी भाभी एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा से है।



निर्वाचन अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि परिसर में सुबह बिजली के कुछ काम के दौरान थोड़ी देर के लिए कैमरों के एक केबल को हटाया गया था। बारामती से राकांपा (एसपी) उम्मीदवार सुले के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत खाबिया ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम में पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे से लेकर पूर्वाह्न सवा 11 बजे तक सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिये गए थे। उन्होंने कहा कि इसी गोदाम में निर्वाचन क्षेत्र के ईवीएम रखे गए हैं। खाबिया ने कहा, निर्वाचन अधिकारियों ने हमसे कहा था कि सीसीटीवी चौबीसों घंटे चालू रहेंगे। हमारी पार्टी के प्रतिनिधियों को निगरानी करने के लिए तैनात किया गया है।

उन्होंने कहा, सोमवार को, हमें यह सूचना मिली कि सीसीटीवी करीब 45 मिनट तक बंद रखे गए। हमने पुलिस के समक्ष यह मुद्दा उठाने का प्रयास किया। प्रशासन ने एक स्पष्टीकरण जारी किया लेकिन हम बारामती के निर्वाचन अधिकारी को एक आवेदन देंगे। इस बीच, बारामती की निर्वाचन अधिकारी कविता द्विवेदी ने कहा कि पार्टी के दावे की जांच की गई और यह पाया गया कि गोदाम में एक इलेक्ट्रिशियन ने एक केबल हटा दिया, जिसके चलते डिस्प्ले यूनिट' बंद हुई। उन्होंने कहा कि परिसर में सभी कैमरे चालू हैं और डेटा अक्षुण्ण है।

द्विवेदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, वहां त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है और ईवीएम पूरी तरह से सील हैं तथा सील अक्षुण्ण हैं। अधिकारी नियमित रूप से स्ट्रॉन्ग रूम का दौरा करते हैं। इसके अलावा, निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों के अनुसार, सभी सहायक निर्वाचन अधिकारी स्ट्रॉन्ग रूम का दौरा कर रहे हैं। ईवीएम के भंडारण में कोई लापरवाही नहीं हुई है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि डेटा अक्षुण्ण है और सीसीटीवी फुटेज में कोई व्यवधान नहीं आया है। उन्होंने कहा, जब डिस्प्ले काम कर रहा था और जब यह बंद हुआ, उस वक्त शिकायतकर्ता के दो प्रतिनिधि भी मौजूद थे। चूंकि उपयुक्त प्रोटोकॉल का पालन किया गया इसलिए दहशत में आने की कोई जरूरत नहीं है।

# हाई कोर्ट ने 12 साल की पीड़िता को गर्भपात की इजाजत दी

**मुंबई :** उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि नाबालिग लड़की का कल्याण और सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, एक 12 वर्षीय लड़की जो अपने चौदह वर्षीय बड़े भाई द्वारा यौन शोषण के कारण गर्भवती हो गई थी, उसे गर्भपात कराने की अनुमति दी गई थी। गर्भाशय में कोई दोष नहीं है. हालाँकि, पीड़िता केवल बारह साल की है और उसका यौन उत्पीड़न किया गया है। नतीजतन, वह गर्भवती हो गई और अगर उसे गर्भावस्था जारी रखने के लिए कहा गया, तो इससे उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ेगा, जेजे अस्पताल के मेडिकल बोर्ड ने बताया। इसने यह भी सिफारिश की कि पीड़िता को गर्भपात कराने की अनुमति दी जाए। न्यायमूर्ति संदीप मार्ने और न्यायमूर्ति नीला गोखले की अवकाश पीठ ने मुख्य रूप से कहा कि इसका संज्ञान लेते हुए और पीड़िता के मामले में उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों पर विचार करते हुए, उसके कल्याण और सुरक्षा के लिए उसे 25वें सप्ताह में गर्भपात कराने की अनुमति दी गई।



पीड़िता की उम्र को ध्यान में रखते हुए, यदि उसे गर्भपात के दौरान या बाद में चिकित्सीय समस्याएं आती हैं, तो उसका उचित इलाज किया जाएगा, गर्भपात के बाद उसे मनोचिकित्सक द्वारा परामर्श दिया जाएगा। पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया गया और वह गर्भवती हो गई। इसलिए, अदालत ने आदेश दिया कि परीक्षण के दौरान चिकित्सा साक्ष्य प्रस्तुत करने के उद्देश्य से भ्रूण के डीएनए नमूने एकत्र किए जाएं और संरक्षित किए जाएं।

मेडिकल गर्भपात अधिनियम के अनुसार, 24 सप्ताह के बाद महिला को गर्भपात के लिए हाई कोर्ट से अनुमति लेना अनिवार्य है। यह सीमा पार होने पर पीड़िता की मां ने याचिका दायर कर मांग की कि लड़की को गर्भपात कराने की इजाजत दी जाए. केवल 12 से 13 वर्ष की आयु बच्चे को जन्म देने के लिए उपयुक्त नहीं है। याचिकाकर्ता ने यह भी दावा किया कि एक नाबालिग लड़की को पढ़ाई करने और अपना करियर बनाने का अधिकार है, लेकिन इस गर्भावस्था के कारण वह ऐसा नहीं कर पाएगी।

## मुख्यमंत्री शिंदे करेगे रैली , 16 मई को डोंबिवली शहर और कल्याण ग्रामीण इलाकों में रैली निकाली जाएगी!

**डोंबिवली :** डोंबिवली में शिवसेना के प्रमुख नेता और राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सांसद हैं। श्रीकांत शिंदे की प्रचार रैली में हिस्सा लेंगे. यह रैली गुरुवार 16 मई को डोंबिवली शहर और कल्याण ग्रामीण इलाकों में आयोजित की जाएगी। शिवसेना के कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने जानकारी दी है कि इसमें राज्य के मंत्री और विधायक समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पूरे महाराष्ट्र में उतर आए हैं। वहीं, उनके बेटे डॉ. हालांकि, कल्याण लोकसभा क्षेत्र जहां से श्रीकांत शिंदे चुनाव लड़ रहे हैं, वहां मुख्यमंत्री शिंदे ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं को प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे श्रीकांत शिंदे की उम्मीदवारी दाखिल करने डोंबिवली आए थे।

# पति-पत्नी में झगड़ा; पुणे शहर में बम विस्फोट की धमकी

**पुणे:** शहर में एक चौंकाने वाली घटना घटी है. शहर में एक पारिवारिक विवाद ने तूल पकड़ लिया है. पति-पत्नी के झगड़े ने शहर में आक्रोश फैला दिया है। अपनी पत्नी से प्यार करने वाले शख्स ने पुणे पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया क्योंकि उसकी पत्न ी सोने नहीं आई। उसने शहर में सात जगहों पर बम विस्फोट करने की धमकी दी. जब लोकसभा चुनाव की वोटिंग चल रही थी तब मिली इस धमकी से पुणे पुलिस को तगड़ा झटका लगा. पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच शुरू कर दी है. पुणे पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल आई। पत्नी नंदी के पास नहीं लौटने पर उस फोन से पुणे में बम विस्फोट की धमकी दी गई थी. शख्स ने सात जगहों पर बम विस्फोट करने की धमकी दी. यह कॉल आते ही पुणे पुलिस का कंट्रोल रूम उत्साहित हो गया. पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और जांच शुरू कर दी. धमकी भरा कॉल तब आया जब पुणे पुलिस लोकसभा चुनाव के लिए मतदान व्यवस्था में व्यस्त थी। पुणे शहर में पिछले कुछ दिनों से अपराध बढ़ता जा रहा है. इससे पहले कोयटा गैंग ने पुणे शहर में जमकर उत्पात मचाया था. तब से पिछले महीने में चार बार गोलीबारी की घटनाएं हो चुकी हैं. अपराध की तरह पारिवारिक विवाद और झगड़े भी सामने आ रहे हैं। परिवार में छोटी-छोटी वजहों से विवाद होता रहता है। कुछ दिन पहले चिकन को लेकर एक परिवार में झगड़ा हो गया था. इसके बाद मां और बेटियों ने मिलकर पिता की पिटाई कर दी. अब भी शहर छोटी-छोटी वजहों से घिरा हुआ है. शख्स ने अपनी पत्नी को नाराज करने के लिए उसे बम से उड़ाने की धमकी दी।

# घाटकोपर में गिरे होर्डिंग्स पर बीएमसी का बड़ा खुलासा... बिना अनुमति लगा था होर्डिंग्स

**मुंबईः** डरावनी आंधियों के साथ मुंबईवासियों के लिए सप्ताह की शुरूआत कठिन रही। सोमवार 13 मई को मुंबईपुरी में बेमौसम बारिश हुई। ठाणे, कल्याण, डोंबिवली, बदलापुर, पालघर और ठाणे, कल्याण और पालघर के अन्य हिस्सों में बारिश हुई। उम्मीद थी कि भीषण गर्मी के दौरान होने वाली यह बारिश मुंबईकरों की तकलीफें कम कर देगी, लेकिन कहा जा सकता है कि जगह-जगह हुए भीषण हादसों से ये खुशियां काफूर हो गईं। इसी तूफान के कारण मुंबई के घाटकोपर इलाके के पंत नगर में एक पेट्रोल पंप पर लोहे का बड़ा होर्डिंग गिर गया. करीब 14 लोगों की जान लेने वाली इस त्रासदी में होर्डिंग को लेकर मुंबई नगर निगम की ओर से नई जानकारी दी गई है.



**होर्डिंग लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स में दर्ज**


हादसे के बाद बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि होर्डिंग्स उनकी अनुमति के बिना लगाए गए थे। बीएमसी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, पंत नगर में ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर पेट्रोल पंप पर लगा होर्डिंग अनधिकृत है और इसे बीएमसी से मंजूरी नहीं मिली है। यह होर्डिंग लगभग 17,040 वर्ग फुट आकार का है और इसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स में सबसे बड़े होर्डिंग के रूप में दर्ज किया गया था।

**बीएमसी ने क्या कहा?**

बीएमसी के अनुसार, दुर्घटना स्थल पर चार होर्डिंग्स थे और उन सभी को पुलिस आयुक्त (मुंबई रेलवे) के लिए एसीपी (प्रशासन) द्वारा अनुमोदित किया गया था। लेकिन होर्डिंग्स लगाने से पहले एजेंसी/रेलवे से बीएमसी/एनओसी की कोई अनुमति नहीं ली गई थी।' बिलबोर्ड बनाने वाली एजेंसी एम/एस ईगो मीडिया के खिलाफ भी शिकायत दर्ज की गई और बीएमसी ने भी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की। बीएमसी अधिकतम 40 ७ 40 वर्ग फुट की होर्डिंग की अनुमति देती है। हालांकि, ढही हुई होर्डिंग का आकार 120 ७ 120 वर्ग फुट था। फिलहाल बीएमसी एन वार्ड के सहायक आयुक्त ने बीएमसी से वैध अनुमति नहीं होने के कारण एजेंसी को अपने सभी होर्डिंग्स को तुरंत हटाने के लिए नोटिस जारी किया है।

बीएमसी आपदा नियंत्रण कक्ष का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी ने कहा, ''यह एक अवैध होर्डिंग था। जिस रेलवे जमीन पर यह घटना घटी, वहां पर चार होर्डिंग्स लगाए गए थे और उनमें से एक गिर गया है। बीएमसी वर्षों से होर्डिंग लगाने पर आपत्ति जता रही थी। इससे पहले 19 मई, 2023 को छेदा नगर जंक्शन के पास आठ पेड़ों को संबंधित होर्डिंग के लिए पाउडर और जहर देकर नष्ट करने का प्रयास किया गया था। इस मामले में बीएमसी ने एफआईआर भी दर्ज कराई थी.

## क्राइम ब्रांच पुलिस ने सात लाख का गुटखा पकड़ा... एक गिरफ्तार




**भिवंडी :** शहर व ग्रामीण परिसर में बड़े पैमाने पर गुटखा व पान मसाला की बिक्री होती है। हालांकि पुलिस इन गुटखा विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करती रहती है। इसके बावजूद निरंतर गुटखा की बिक्री शुरू है। इसी क्रम में भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस ने गैबीनगर परिसर स्थित एक बिल्डिंग के कमरे में छापाकर सात लाख रूपए का गुटखा बरामद किया है। शांतिनगर पुलिस ने इस मामले में 6 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है।

## अंगड़िया से 65.85 लाख लूटने के आरोप में ऑटो चालक गिरफ्तार

**मुंबई :** कुर्ला पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा चालक को आंगडिया से 65.85 लाख रुपए की नकदी लूटने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि मामला तब सामने आया जब पीड़िता 11 मई को प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पुलिस थाने पहुंची। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित आंगड़िया महाराष्ट्र के भुसावल से नकदी से भरा बैग लेकर कुर्ला आया था। अधिकारी ने कहा, वह भुसावल से आया था और उसे नकदी पहुंचाने के लिए कुर्ला इलाके के एक होटल में जाना था। उसने गंतव्य तक पहुंचने के लिए एक ऑटो पकड़ा और वह सांताक्रूज-चेंबूर लिंक रोड पर पहुंच गया, जहां पीड़ित एक स्थान पूछने के लिए उतर गया। कथित रिक्शा चालक स्थिति का फायदा उठाकर भाग गया। पीड़ित सुनील पिलकले (55) ने पुलिस स्टेशन पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच में जुट गई।

## एकनाथ शिंदे गद्दार है, उन्होने मेरे बाप का नाम चुराया, पार्टी चुराई, निशान चुराया है - उद्धव ठाकरे

**मुंबईः** लोकसभा चुनाव के बीच शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तीखा हमला कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे पर जोरदार पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदें ने कहा कि उद्धव ठाकरे उन्हें और दूसरे नेताओं को नौकर समझते थे। उन्होंने कहा कि शिवसेना के लिए लाखों कार्यकताओं ने अपना जीवन अर्पण किया है। उद्धव ठाकरे का इसमें क्या योगदान हैं वे तो फोटोग्राफी कर रहे थे, जब सरकार चलाने का मौका मिला तो नहीं चला पाए और सिर्फ दो बार मंत्रालय गए। कोविड में घर से बैठकर सिर्फ फेसबुक लाइव के अलावा कोई दूसरा काम नहीं किया। लोकसभा चुनाव के बीच उद्धव ठाकरे ने कहा कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी महाराष्ट्र से नफरत करती है ।यही कारण है कि उन्होने तमाम कंपनियों को राज्य में निवेश नहीं करने दिया और अन्य राज्यों में स्थानांतरित कर दिया। उन्होने कहा कि इस लोकसभा चुनाव के बाद मोदी का तानाशाही शासन समाप्त हो जाएगा, यह मेरी गारंटी है। इंडिया गठबंधन की सरकार आने वाली



है। हम केन्द्र में सरकार बनाएंगे और उसके बाद, मैं यह सुनिश्चित करुंगा कि महाराष्ट्र अपना पुराना गौरव हासिल कर ले। महाराष्ट्र विधानसभा में एमवीए सरकार सत्ता में आएगी।

ठाकरे ने कहा कि हम सरकार में आते ही सबसे पहले बीएमसी में घोटाले और धन के दुरुपयोग सहित भ्रष्ट्राचार के मामलों की जांच के आदेश देंगे। उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पर आरोप लगाते हुए कहा कि कि एकनाथ शिंदे गद्दार है, उन्होने मेरे बाप का नाम चुराया, पार्टी चुराई, निशान चुराया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पलटवार करते हुए कहा कि मेरे लिए इस्तेमाल किए गए शब्द उन पर लागू होते हैं। 2019 में उन्होने बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा छोड़ दी, उन्होने अपने दोस्त, पार्टी और महाराष्ट्र के लोगों के साथ धोखा दिया।

शिंदे ने कहा कि उद्धव ठाकरे उन्हें और दूसरे नेताओं को नौकर समझते थे, जबकि बाला साहब ठाकरे सभी को सहयोगी मानते थे। शिवसेना के लिए लाखों कार्यकताओं ने अपना जीवन अर्पण किया है। उद्धव ठाकरे का इसमें क्या योगदान हैं वे तो फोटोग्राफी कर रहे थे, जब सरकार चलाने का मौका मिला तो नहीं चला पाए और सिर्फ दो बार मंत्रालय गए। शिंदे ने आरोप लगाया कि कोविड में घर से बैठकर फेसबुक लाइव करते थे। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए शिवसैनिकों पर जुल्म हो रहा था। उन्हें जेल जाना पड़ रहा था लेकिन उद्धव ठाकरे कांग्रेस के दबावा में चुप थे। राम मंदिर और धारा 370 को हटाना ये बाल साहब ठाकरे का सपना थे। शिंदे ने कहा कि सत्ता उन्होंने ने नहीं छोड़ी है। मैंने छोड़ी थी। जब हमने विधायकों के अपमान में अलग रास्ता चुना था तो हमें नहीं पता था क्या होने वाला है? तब विधायक चिंता में थे कि कैसे अगला चुनाव जीतेंगे? क्या होगा। इसके बाद हम अलग हुए थे।

## मतदान केंद्र में वीडियो रिकॉर्ड करना पड़ा भारी, उम्मीदवार के खिलाफ मामला दर्ज

**पुणेः** महाराष्ट्र के शिरूर लोकसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र के अंदर वीडियो रिकॉर्ड करने के आरोप में सोमवार को भारतीय जवान किसान पार्टी (बीजेकेपी) के एक उम्मीदवार और तीन अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं मावल सीट पर मतदान के दौरान हंगामा करने के आरोप में शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के एक नेता को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शिरूर निर्वाचन क्षेत्र से बीजेकेपी उम्मीदवार नारायण अंकुशे और तीन अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (कानून द्वारा अधिकार प्राप्त लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की जानबूझकर अवज्ञा करना) और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

क्या है पूरा मामला?

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने शिरूर में उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के शिवाजीराव अधलराव पाटिल के




खिलाफ अमोल कोल्हे को मैदान में उतारा है। शिरूर लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी अजय मोरे ने कहा ह्यअंकुशे मुंधवा क्षेत्र में मतदान केंद्र के अंदर आए और उन्होंने एक अन्य उम्मीदवार द्वारा मतदाता सूची और कागज का एक टुकड़ा ले जाने पर आपत्ति जताई, जिस पर उस उम्मीदवार का नाम लिखा था। उन्होंने (अंकुशे ने) आरोप लगाया कि उनका प्रतिद्वंद्वी मतदान केंद्र के अंदर प्रचार करने की कोशिश कर रहा था और उन्होंने अपने फोन से वीडियो बनाना शुरू कर दिया।' नियमों के मुताबिक, मतदान केंद्रों के अंदर वीडियो बनाने या फोटोग्राफी की अनुमति नहीं है। एक अन्य घटना में, पुलिस ने शिवसेना (यूबीटी) की पिंपरी चिंचवाड़ शहर इकाई के अध्यक्ष सचिन भोसले को उम्मीदवारों की सूची को उल्टे क्रम में प्रदर्शित करने का आरोप लगाकर एक मतदान केंद्र के अंदर कथित तौर पर हंगामा करने के मामले में गिरफ्तार किया। मावल में शिवसेना के मौजूदा सांसद श्रीरंग बार्ने का मुकाबला शिवसेना (यूबीटी) नेता संजोग वाघेरे से है। आम चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट में से 11 पर मतदान हुआ।



## चंद्रपुर में 1500 रुपये की चोरी का आरोप लगाकर शख्स की ली जान!

**चंद्रपुर :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर में 1500 रुपये की चोरी का आरोप लगाकर एक व्यक्ति को पीट-पीटकर मार डाला। हैवानियत की ये पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है।

मामला चंद्रपुर के घुग्घुस शहर का है। यहां शराब की दुकान के सामने दो लोगों ने पहले जमकर शराब पी। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हो गया। 30 वर्षीय सागर उर्फ संतोष दिलीप कुंता ने 40 वर्षीय मोनू गणपत जैस्वाल पर 1500 रुपये चुराने का आरोप लगाया। दोनों में कहासुनी होती रही। 1500 रुपये की चोरी को लेकर दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। देखते ही देखते आरोपी सागर उर्फ संतोष दिलीप कुंता ने मोनू जैस्वाल के साथ लातू-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इससे मोनू के चेहरे, हाथ-पैर और प्राइवेट पार्ट में गंभीर चोट आ गई और वो लहूलुहान हो गया।

इस घटना के बाद मोनू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। यह पूरी घटना शराब की दुकान में लगे ३५ में कैद हो गई है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ सुधाकर यादव और अपर पुलिस अधीक्षक रीना जनबंधु मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

## नालासोपारा रेलवे स्टेशन से दबोचा गया शातिर चोर...



**नालासोपारा :** नालासोपारा आरपीएफ ने 20 हजार रुपए मोबाइल चोरी मामले में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़के को पकड़कर उसे वसई जीआरपी के हवाले किया है। यह कार्रवाई नालासोपारा स्टेशन आरपीएफ निरीक्षक (लोकेश यादव) के मार्गदर्शन में आरपीएफ की सीपीडीएस टीम ने की है। आरोपी ने चोरी करने का अपराध स्वीकार किया। आरपीएफ ने आगे की विवेचना हेतु आरोपी को जीआरपी वसई के हवाले कर दिया है।

# होर्डिंग गिरने की घटना में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का आश्वासन...

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर ने कहा है कि शहर में होर्डिंग गिरने की घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुंबई के घाटकोपर इलाके में सोमवार को धूल भरी आंधी और बेमौसम बारिश के कारण एक पेट्रोल पंप पर लगा अवैध होर्डिंग गिर जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 74 लोग घायल हो गए। बृहन्मुंबई महानगर पालिका के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार रात घटनास्थल का दौरा किया और शहर में लगे सभी होर्डिंग का ऑडिट कराने का आदेश दिया।

शिंदे ने संवाददाताओं से कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। सरकार इसकी जांच कराएगी और



जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी। मैंने बीएमसी आयुक्त से शहर के सभी होर्डिंग का ढांचागत ऑडिट कराने को कहा है।'' उन्होंने होर्डिंग गिरने की घटना में मारे गए सभी लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। फणसालकर ने भी सोमवार रात घटनास्थल का मुआयना किया और संवाददाताओं से बातचीत में आश्वासन दिया कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सोमवार को अपने आधिकारिक एक्स' हैंडल पर लिखा, घाटकोपर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अपने प्रियजन को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदनाएं। मुंबई पुलिस की टीम घटनास्थल पर बचाव अभियान में लगी है। हम आश्वासन देते हैं कि इस हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।''

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मैसर्स ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के मालिक भावेश भिंडे और अन्य के खिलाफ पंत नगर थाने में गैर इरादतन हत्या और भारतीय दंड संहिता की अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों के अनुसार मंगलवार सुबह बचाव अभियान जारी रहा।

# मुंबई पुलिस ने किया दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़!

## 104 करोड़ की दवाएं जब्त



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने राजस्थान में एक दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इसके साथ ही मेफेड्रोन और दवाईयां बनाने के लिए काम में लिए जा रहे अन्य रसायनों को भी बरामद किया गया है, जिसकी कीमत 104 करोड़ रुपए बताई जा रही है। बता दें कि इससे पहले मुंबई में दिसंबर 2023 में नशीली दवाओं का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं अब मुंबई पुलिस ने जोधपुर में चलाई जा रही दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए उसके मालिक हुकुमराम चौधरी को गिरफ्तार किया है।

**31 दिसंबर को हुई थी तीन आरोपियों की गिरफ्तारी**

बता दें कि इससे पहले नए साल की पूर्व संध्या पर शहर भर में पुलिस हाई अलर्ट पर थी। इस दौरान साकीनाका पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल चंद्रकांत पवार जानकारी मिली कि कुछ लोग मेफेड्रोन बेचने वाले हैं, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस सरफराज शेख (22) माजिद उमर शेख (44) अब्दुल कादर शेख (44) को गिरफ्तार कर लिया था। इन तीनों आरोपियों के पास से 3.35 करोड़ रुपए मूल्य की 1.655 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद की गई थी। डीसीपी मंगेश शिंदे ने मुंबई में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मेफेड्रोन कहां से खरीदी गई। ये पता लगाने की कोशिश की। जांच के दौरान राजस्थान के जोधपुर में नशीली दवाओं की फैक्ट्री के बारे में जानकारी मिली। गिरफ्तार आरोपियों की कॉल डिटेल के आधार पर मुंबई पुलिस पुणे प्रशांत पाटिल के शख्स के पास पहुंची और उसे हिरासत में लिया।

# मुंबई में फर्जी टिकट लेकर बहन को एयरपोर्ट के अंदर छोड़ने वाले 2 लोग गिरफ्तार



**मुंबई :** फर्जी हवाई टिकटों का उपयोग करके दोहा जाने वाली अपनी बहन को छोड़ने के लिए मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में प्रवेश करने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया। सहार पुलिस ने कहा कि जोगेश्वरी (पूर्व) के फैसल बलवा (34) और फैजान (27) को गेट नंबर 3 पर एक कांस्टेबल ने पकड़ लिया जब वे बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। नियमित प्रक्रियाओं के अनुसार, यदि कोई यात्री उड़ान में न चढ़ने का निर्णय लेता है, तो उसे एयरलाइन अधिकारियों के साथ निकास द्वार तक जाना होता है। ''हालांकि, इस मामले में कोई भी उन्हें छोड़ने नहीं आया। इससे संदेह पैदा हुआ। विस्तारा एयरलाइन के अधिकारियों को बुलाया गया और उनके टिकटों को स्कैन करने पर पता चला कि वे नकली थे, ''सहार पुलिस के एक अधिकारी ने कहा। रविवार दोपहर प्रवेश बिंदु पर सीआईएसएफ निरीक्षण से गुजरने के बाद दोनों ने प्रस्थान गेट नंबर 4 से परिसर में प्रवेश किया। दोनों को उस समय पकड़ लिया गया जब वे गेट 3 से हवाईअड्डे से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे, उनके पास सामान की कमी के कारण सीआईएसएफ अधिकारियों को संदेह हुआ। ''जांच के दौरान, दोनों भाइयों ने उल्लेख किया कि उनकी बहन, जो मुंबई से दोहा की यात्रा कर रही थी, के पास बड़े सूटकेस थे, और वे सामान ले जाने में उसकी सहायता करने के लिए आए थे, जिसके कारण उन्होंने नकली ई-हवाई टिकट बनाई,'' एक ने कहा। पुलिस अधिकारी।

''एयरलाइन अधिकारियों ने सिस्टम में दोनों के ई-एयर टिकटों की जांच की और पाया कि 12 मई को विस्तारा की उड़ान में उनका कोई रिकॉर्ड नहीं था। दोनों पर सामान्य इरादे, धोखाधड़ी और जालसाजी के लिए भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।'' सहार पुलिस अधिकारी. मुंबई एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किए गए भाइयों ने बड़े सूटकेस वाली अपनी बहन की मदद करने के लिए नकली ई-एयर टिकटों का इस्तेमाल किया। विस्तृत योजना में सहार पुलिस, विस्तारा एयरलाइन और सीआईएसएफ शामिल थे। गेट नंबर 3 पर उनकी कोशिश नाकाम कर दी गई। बीमार केबिन क्रू के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 उड़ानें रद्द। पूर्ण रिफंड, माफी और यात्री सलाह जारी की गई। विलय के प्रति केबिन क्रू के प्रतिरोध के कारण व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। अतिथियों को असुविधा कम करने का प्रयास किया गया। मुख्य श्रम आयुक्त ने एयर इंडिया एक्सप्रेस विलय संकट का समाधान किया, यात्रियों की सहायता की। प्रबंधन ने रविवार तक उड़ानें सामान्य परिचालन के लिए बहाल करते हुए 25 कर्मचारियों को बहाल कर दिया।

# पुलिस भर्ती के लिए बड़ी मुसीबत...

## इस नई शर्त से होगा अभ्यर्थियों का नुकसान!

**मुंबई:** प्रदेश में पुलिस भर्ती प्रक्रिया चल रही है। महाराष्ट्र पुलिस बल में 17 हजार 471 पदों पर भर्ती होगी। पुलिस भर्ती की यह प्रक्रिया 5 मार्च से शुरू हुई थी. अब इसके लिए नया नियम लाया गया है. यह नियम अभ्यर्थियों के लिए मुसीबत बनने वाला है। अब पुलिस भर्ती के लिए एक जिले में एक ही आवेदन किया जा सकेगा। प्रदेश में कई जगहों पर अलग-अलग जिलों के लिए अभ्यर्थियों ने आवेदन भरे थे. यह घटना पुलिस प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद गृह विभाग ने यह निर्णय लिया है.

प्रदेश में पुलिस भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया में कई लोगों ने अलग-अलग जिलों के लिए आवेदन किया है. लेकिन अब वे एक ही जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं. उसकी गारंटी देनी होगी. भर्ती प्रक्रिया के बाद कुछ रिक्तियां खाली रह जाती हैं क्योंकि उम्मीदवार अलग-अलग स्थानों पर आवेदन करते हैं। क्योंकि यदि कोई उम्मीदवार दो जिलों में निर्वाचित होता है तो वह सुविधाजनक जिले को चुनता है। लेकिन दूसरे जिले की सीट खाली रह गई है. इससे विद्यार्थियों को नुकसान



होता है. मामला शासन के संज्ञान में आने पर एक ही जिले से भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की शर्त रखी गई है।

**अब 17 मई तक आवेदन जमा करना होगा**

जिन अभ्यर्थियों ने एक से अधिक जिलों में आवेदन किया है, उन्हें शपथ पत्र देना होगा। एक से अधिक जिलों में किया गया आवेदन अवैध माना जायेगा। विशेष पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार पडवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किया है. इसलिए उम्मीदवारों को यह शपथ पत्र 17 मई 2024 तक अपने आवासीय जिले के पुलिस कार्यालय में जमा करना होगा। अब अभ्यर्थी के केवल एक ही आवेदन को प्राथमिकता दी जाएगी। अभ्यर्थी को अंडरटेकिंग लेटर में उस पद का विवरण देना होगा जिसके लिए उसने आवेदन किया है। साथ ही उसे यह जानकारी भी देनी होगी कि उसने कितने आवेदन किए हैं और कहां-कहां किए हैं. साथ ही एक पद के लिए एक ही आवेदन को प्राथमिकता देने की गारंटी देनी होगी।

**भर्ती के लिए डॉक्टर, एमबीए अभ्यर्थियों के आवेदन**

पुलिस भर्ती के लिए डॉक्टर, इंजीनियर, एमबीए, वकील, एमएससी, बी-टेक, बीबीए की पढ़ाई कर चुके उच्च शिक्षित लोगों के आवेदन आए हैं। 17 हजार 471 पदों के लिए प्रदेश भर से 17 लाख 76 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है. ये आवेदन सरकारी नौकरियों और बेरोजगारी के कारण किये जाते हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com